तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 21 अप्रैल 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 जहां निकासी की व्यवस्था नहीं वहां बना दी नाली...



12 अक्षय तृतीया के मौके पर जगह-जगह दिखा उत्साह...



## नगर पालिका क्षेत्र का विधायक दीपेश साहू ने किया औचक निरीक्षण, अव्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश

### स्वच्छता, जल निकासी व निर्माण कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधायक दीपेश साहू ने सोमवार सुबह नगर पालिका क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड क्रमांक 05, मोहभट्ठा, पीजी कॉलेज मैदान, नालंदा लाइब्रेरी, स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कंतेली तथा निर्माणाधीन ऑडिटोरियम सहित विभिन्न स्थानों का दौरा कर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने साफ-सफाई, जल निकासी, सड़कों की स्थिति और अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। कई स्थानों पर सुधार की आवश्यकता पाए जाने पर उन्होंने तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के आदेश दिए। उन्होंने विशेष रूप से स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने, कचरे के नियमित उठाव और जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान पर जोर दिया। विधायक साहू ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए लगातार निगरानी रखी जाए और शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने की बात कही। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे स्वच्छता बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें और नगर को साफ-सुथरा रखने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित ▶▶|शेष पेज 11 पर



#### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर जोर

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन ऑडिटोरियम समेत अन्य विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की। संबंधित एजेंसियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप और निर्धारित समयसीमा में पूरे किए जाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक साहू ने कहा कि नगर के विकास, स्वच्छता और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### खबर संक्षेप



#### बेखौफ लकड़ी तस्करी, अंचल के हरे-भरे जंगल हो रहे साफ

**साजा।** अंचल में इन दिनों अवैध लकड़ी कटाई व परिवहन जमकर हो रहा है। प्रतिदिन कितनी गाड़ियां शहर से निकलती है। इसकी गिनती भी नहीं हो सकती। सुबह से लेकर रात तक अवैध लड़कियों से भरी मेटाडोर शहर से पार होती है। ये कटाई कहां हो रही है, क्या इन गाड़ियों में इमारती लकड़ी भी होती है या भी जानने की कोशिश वन विभाग नहीं करता। इस सत्र में एक भी गाड़ी पर कार्रवाई नहीं होना, विभाग की मिली भगत को दर्शाता है। बता दें कि शहर की सीमा पड़ोसी जिला कवर्धा से लगती है, जहां से जंगलों में कटाई के बाद लकड़ी शहर तक माफिया पहुंचाते हैं। विभाग के पास सभी जानकारी होती है, उसके बावजूद कार्रवाई नहीं होना अनेक सवाल खड़े कर रहा है।

#### जुआ खेलते 2 आरोपी गिरफ्तार, नगदी व ताश की गड्डी जब्त

**बेमेतरा।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने जुआ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नगदी रकम 2,420 रुपये और 52 पत्ती ताश की गड्डी जब्त की गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम जेवरी के आम बगीचा में कुछ लोग पैसे का दांव लगाकर "काट पत्ती" नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही कुछ लोग मौके से फरार हो गए, जबकि दो जुआरियों को पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों में सौगंध डेहरे (32 वर्ष) और परमेश्वर पाटिल (30 वर्ष), दोनों निवासी फरी, थाना व जिला बेमेतरा शामिल हैं। दोनों के खिलाफ सिटी कोतवाली थाना में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 2,420 रुपये नगद और 52 पत्ती ताश जब्त की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला, सहायक उप निरीक्षक रेशम लाल भास्कर, प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर राजपूत, आरक्षक इंद्रजीत पांडेय, सौरभ सिंह और मनीष मिश्रा सहित अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

#### दो सटोरिये गिरफ्तार

**भिलाई।** सट्टे का अवैध कारोबार



करने वालो के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जवाहर नगर पुलिया के पास कल्याण, राजधानी नामक सट्टा गेम के अंकों पर रकम का दांव लगाया जा रहा था। पुलिस ने दबिश देकर हाउसिंग बोर्ड न्यू हाउसिंग बोर्ड कैलाशनगर जामुल निवासी संतोष शर्मा उर्फ संतन को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से पुलिस ने मोबाइल फोन जब्त किया है। इसके अलावा भिलाई तीन पुलिस ने शांतिपारा भिलाई 3 निवासी अविनाश ढीमर को पकड़ा है।उसके पास से नगद 4025 रकम और 16 सट्टा पट्टी पर्ची जब्त किया है।

### जनदर्शन : पेंशन, आवास और सड़क से जुड़े आवेदन मिले

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनीं समस्याएं, 62 आवेदनों पर दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सोमवार को कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं के द्वारा कलेक्टरेट स्थित दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनदर्शन में जिले के विभिन्न अंचलों से आए नागरिकों ने अपनी मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन के दौरान कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर बुलाकर एवं दूरभाष के माध्यम से चर्चा कर कई प्रकरणों का तत्काल निराकरण कराया। प्रशासन की तत्परता के चलते कई नागरिकों की समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जिससे आवेदकों में संतोष एवं विश्वास का माहौल देखने को मिला।

■ अधिकारियों को मौके पर बुलाकर कराया समाधान

आयोजित जनदर्शन में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 62 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व के मामलों में शीघ्र कार्रवाई करते हुए समाधान किया गया, जबकि गंभीर एवं जांच योग्य प्रकरणों को टीएल पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनदर्शन में निराश्रित पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैटरी चालित ट्रायसायकल प्रदाय, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, आम रास्ता खुलवाने सहित अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर सुश्री ममगाईं ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को नियमानुसार शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ निराकरण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने नागरिकों को भरोसा दिलाया ▶▶|शेष पेज 11 पर



#### कलेक्टर एवं एसएसपी ने किया ऑनलाइन पंजीयन



**बेमेतरा।** जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत जिले में स्व-गणना (सेल्फ ऐनुमैरेशन ) प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया है। इस नई व्यवस्था के अंतर्गत नागरिकों को पहली बार ऑनलाइन माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी भरने की सुविधा दी गई है, जिससे जनगणना कार्य अधिक पारदर्शी, सरल और तेज हो सके। स्व-गणना कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपना स्व-गणना प्रपत्र भरा गया। इसी क्रम में एसएसपी रामकृष्ण साहू द्वारा भी स्वयं ऑनलाइन स्व-गणना प्रक्रिया पूर्ण की गई। दोनों अधिकारियों की इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों को डिजिटल माध्यम से इस अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। नागरिकों के लिए जनगणना संबंधी जानकारी भरने हेतु विशेष पोर्टल उपलब्ध कराया गया ▶▶|शेष पेज 11 पर

## विधायक के गृहग्राम बिरनपुर में चला प्रशासन का बुलडोजर दो लोगों के मकान तोड़े गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण की शिकायतों के बाद आज प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। साजा विधायक के गृह ग्राम बिरनपुर में पंचायत के प्रस्ताव पर प्रशासन ने पहली बार बुलडोजर की कार्रवाई की। इस कार्रवाई से पूरे अंचल के अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत बिरनपुर द्वारा गांव की सरकारी भूमि, जो बैंक निर्माण के लिए सुरक्षित रखी गई थी, उस पर अवैध कब्जे की शिकायत की गई थी। पंचायत ने बकायदा प्रस्ताव पारित कर प्रशासन से अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। इसी परिप्रेक्ष्य में आज तहसीलदार पूरे प्रशासनिक अमले और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कार्रवाई के दौरान



ग्राम बिरनपुर में धनेश सिन्हा और सोनू लोधी द्वारा किए गए अतिक्रमण को चिन्हित किया गया। प्रशासन ने कड़ा कदम उठाते हुए दोनों के आधे बने मकानों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें जमींदोज कर दिया। इसके अलावा, एक अन्य व्यक्ति चपेश्वर सिन्हा की दुकान को भी हटाने के लिए अंतिम अल्टीमेटम दिया गया है। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल का दस्ता मौजूद रहा। इस दौरान गांव के सरपंच प्रतिनिधि, पंच, सचिव, पटवारी के साथ पुलिस बल ▶▶|शेष पेज 11 पर

### परिसीमन बिल को आगे बढ़ाने की थी मंशा

## महिला आरक्षण पर भाजपा भ्रम फैला रही: रविंद्र चौबे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

महिला आरक्षण के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा भ्रम फैलाने के आरोप लगाते हुए छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि भाजपा की मंशा महिला आरक्षण लागू करने की नहीं, बल्कि परिसीमन बिल को आगे बढ़ाने की थी। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला मुख्यालय बेमेतरा में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने यह बात कही। प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा, पूर्व संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने संयुक्त रूप से भाजपा पर तीखा हमला बोला।

रविंद्र चौबे ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से महिला आरक्षण के समर्थन में रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा यह गलत प्रचार कर रही है कि विपक्षी दलों के विरोध के कारण ▶▶|शेष पेज 11 पर

## शादी सीजन में परिवहन व्यवस्था चरमराई बसों में ठूसम-ठूस के साथ सफर है मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में इन दिनों शादी-ब्याह का सीजन पूरे शबाब पर है, लेकिन इस खुशियों के माहौल के बीच आम यात्रियों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। जिला मुख्यालय सहित नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे बस स्टैंड और यात्री प्रतीक्षालय खचा खच भर गए हैं। हालत यह है कि कई स्थानों पर तिल रखने तक की जगह नहीं बची है। जानकारी के अनुसार, शादी के सीजन में बड़ी संख्या में निजी बसों को समारोहों के लिए बुक कर लिया गया है। इसके चलते नियमित रूटों पर चलने वाली बसों की संख्या में भारी कमी आ गई है। जो बसें संचालित हो रही हैं, उनमें क्षमता से कहीं अधिक यात्रियों को बैठाया जा रहा है, जिससे परिवहन व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि बसों के अंदर यात्रियों को ठूस-ठूस कर ▶▶|शेष पेज 11 पर

■ बस स्टैंडों पर उमड़ी भीड़, यात्रियों को घंटों इंतजार





### समर्थन मूल्य पर मसूर,चना व सरसो का नेफेड कर रही है खरीदी

## सोसायटी में अब तक 2 हजार क्वि.चना की हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

नेफेड मॉडल द्वारा प्राथमीक सेवा सहकारी समिति के माध्यम से प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान अंतर्गत प्राईज सपोर्ट स्कीम के तहत आधिसूचित खरीफ एवं रबि फसल दलहनी व तिलहनी फसलो का न्युनतम समर्थन मूल्य पर सरसो,चना व मसूर जैसे फसलो की खरीदी के दो माह बाद लगभग 2 हजार क्वि.चना तथा 40 क्वि.मसूर की खरीदी की जा चूकी है उक्त कृषि उपज 30 मई तक खरीदी की जायगी। खरीदी के शुरूआती दौर मे ही किसानो के कृषि उपज को व्यवस्थापको ने खरीदी करने से पहले तो इंकार किया उसके बाद नोडल अधिकारी के द्वारा सर्टीफाईड किये जाने के उपरांत ही खरीदी करने पर सहमति बनी है एकीकृत किसान पोर्टल पर 1175 पंजीकृत किसानो के घर जाकर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुमीत चौरसिया द्वारा घर-घर जाकर कृषि उपजो का सत्यापन किया जा रही है।यहाँ एकीकृत किसान पोर्टल मे पंजीकृत कृषको से ही न्युनतम समर्थन मूल्य पर क्रय किये जायेंगे पंजीयन की अवधि 20 अप्रैल को समाप्त हो रही है,थान खम्हरिया सोसायटी मे केवल 2 अप्रैल को विक्रय किये गये कृषको को करीब 2 करोड रूपए की भुगतान की जा चुकी जबकि बाकी लंबित है। नेफेड द्वारा कृषि उपज की खरीदी के नियम व शर्तो के मुताबीक फसल की मानक नही आने सेशकिसान वृहद रूप से अपनी उपज समर्थन मूल्य पर नही बेच पा रहे है।

गौरतलब है कि दलहनी व तिलहनी उपज खरीदी हेतु 01 दिसंबर से 28 फरवरी 2026 तक केवल 150 हेक्टेयर भूमि का करीब 250 किसानो का एकीकृत पोर्टल पर पंजीयन हुआ था जबकि सोसायटी मे खरीदी प्रारंभ होने के बाद 1200 किसानो ने रूचि दिखाते हुए किसान पोर्टल पर पंजीकृत किया।नाफेड द्वारा निर्धारित की गयी समर्थन मूल्य मसूर 7000,चना 5875 तथा सरसो 6200 रूपए की दर पर खरीदी की जानी है।अभी तक थान खम्हरिया सचसायटी मे चना 121 किसिनो से करीब 2000 क्विंटल तथा मसूर 40 क्वि.खरीदी की जा चूकी। भारत सरकार के दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के अंतर्गत सीधी खरीदी चिन्हाकित सोसायटीयो के माध्यम से की जानी है जिसके ▶▶|शेष पेज 11 पर



#### अचानक पंजीयन बढने का कारण कोचियो की सक्रियता बताया जा रहा

खबर है कि अचानक से किसान पोर्टल मे पंजीयन बढने का बडा कारण है कि नगर सहित ग्रामीण अंचलो के अढतिये द्वारा किसानो के माध्यम से कृषि उपज खपाने की जुगत है। 01 दिसंबर से 28 फरवरी तक केवल 250 सौ किसानो का पंजीयन हुआ था। उस वक्त किसानो ने रूचि नही ली। जबकि पोर्ल खुलने के बाद 1000 किसानो ने अचानक पंजीयन करा दिया। जो आशंकाओ को जन्म दे रहा है। समर्थन मूल्य पर कृषि उपज के खासी दाम मिलने से भी दलाल सक्रिय हो गये और किसानो के साथ मिल कर वे अंतिम माह में खेला कर सकते है।

## डिजिटल युग में जागरूकता ही सबसे बड़ी सुरक्षा : डीआईजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू जारी बयान में बताया कि हमर पुलिस हमर बजार" एवं "हमर पुलिस हमर गांव" अभियान के तहत हाट-बाजार, गांव, स्कूल-कॉलेज सहित विभिन्न स्थानों पर आमजन को साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी जा रही है। डीआईजी श्री साहू ने बताया कि वर्तमान में साइबर ठग लोगों को आसान और कम ब्याज दर पर लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी कर रहे हैं। ठग सोशल मीडिया, व्हाट्सएप कॉल, फर्जी वेबसाइट और मोबाइल एप के माध्यम से संपर्क कर प्रोसेसिंग फीस, फाइल चार्ज, जीएसटी या बीमा के नाम पर पैसे जमा कराते हैं और बाद में संपर्क तोड़ देते हैं।



उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में जागरूकता ही सबसे प्रभावी सुरक्षा है। यदि लोग सतर्क रहेंगे और दूसरों को भी जागरूक करेंगे, तो साइबर अपराधियों के मंसूबे सफल नहीं होंगे। जागरूकता के अभाव में ही अधिकतर लोग ठगी का शिकार बनते हैं। साइबर ठगी से बचने के लिए पुलिस ने नागरिकों को कुछ जरूरी सावधानियां अपनाने की ▶▶|शेष पेज 11 पर

**खबर संक्षेप**

### महिलाओं के अधिकार व सम्मान पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण



**भिलाई।** लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर हालिया घटनाक्रम ने देश की राजनीति का एक चिंताजनक पक्ष उजागर किया है। कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन द्वारा इस महत्वपूर्ण विधेयक पर जिस प्रकार का विरोध सामने आया है, वह स्पष्ट रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति उनकी नकारात्मक सोच को दर्शाता है। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने कहा कि यह विषय किसी दल विशेष का नहीं, बल्कि देश की करोड़ों माताओं-बहनों के अधिकार, सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य से जुड़ा हुआ है। ऐसे महत्वपूर्ण अवसर पर विपक्ष द्वारा राजनीति करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विगत कई दशकों में कांग्रेस ने महिलाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास नहीं किए, बल्कि कई बार उनके अधिकारों को सीमित करने का कार्य किया।

### महिला आरक्षण विधेयक का पारित ना होना नारी शक्ति का अपमान



**भिलाई।** भाजपा के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ. प्रदीप चौधरी ने महिला आरक्षण विधेयक का पारित न होना वास्तव में नारी शक्ति का अपमान बताया है। उन्होंने कहा की यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि वर्षों से महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने की बात करने वाले विपक्षी दल आज इस महत्वपूर्ण विषय पर ठोस कदम उठाने में विफल रहे हैं। उनके दोहरे चरित्र ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे केवल राजनीति के लिए महिलाओं के मुद्दों का उपयोग करते हैं, लेकिन जब वास्तविक निर्णय लेने का समय आता है, तो वे पीछे हट जाते हैं। इसके विपरीत, भारतीय जनता पार्टी ने सदैव महिलाओं के सशक्तिकरण को अपनी प्राथमिकता में रखा है।

# जहां निकासी की व्यवस्था नहीं वहां बना दी नाली, अभी से भरा है गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रिसाली निगम के वार्ड 20 के साप्ताहिक बाजार में ठेकेदार ने ऐसी नाली बनाई है कि वहां निकासी की व्यवस्था ही नहीं है। निकासी व्यवस्था नहीं होने की वजह से अभी से ही भीषण गर्मी में लोगों के घरों से निकलने वाला पानी जमा हो गया है। आउटलेट नहीं बनाए जाने की वजह से बारिश के दिनों में गंदा पानी बाजार क्षेत्र में फैलेगा। बाजार में आने वाले हजारों लोगों को दिक्कतें आएगी। वहीं बाजार में सब्जी बेचने वालों की भी परेशानी बढ़ेगी।

### 10 लाख रुपए का भुगतान भी हो गया लेकिन निरीक्षण नहीं

रिसाली के इस नाली का निर्माण करीब 10 लाख रुपए की लागत से करवाया गया है। हैरत की बात यह है कि रिसाली निगम के इंजीनियरों ने बिना आउटलेट के इस नाली निर्माण को मंजूरी कैसे दे दी। रहवासियों ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि निर्माण के पैसे भी संबंधित ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया है। जबकि निगम के संबंधित इंजीनियर के बिना पूर्णताः प्रमाण पत्र के भुगतान नहीं हो सकता। निर्माण पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने से पहले मौके का निरीक्षण नहीं हुआ। रहवासियों ने बताया कि नाली को दूसरे के मकान से टिका दिया गया है। जिससे मकान की नींव भी प्रभावित हो रही है।





### शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

रहवासियों ने बताया कि साप्ताहिक बाजार में हजारों लोग खरीदी के लिए आते हैं। आसपास कई घर हैं जहां लोग अपने छोटे बच्चों और परिवार के साथ निवास करते हैं। नाली में गंदगी पसर रही है। आउटलेट नहीं होने की वजह से बारिश के दिनों में यहां संक्रमण का खतरा है। रिसाली निगम में इस समस्या की जानकारी भी दी गई है लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। आउटलेट की व्यवस्था नहीं की गई तो सब्जी व्यवसाईयों के साथ मिलकर निगम कार्यालय में प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होने बताया कि महापौर जब दौरे में आई थी तो उनका भी ध्यान आकृष्ट कराया गया था।

## बदलता मौसम : ट्विनसिटी के रहवासियों को गर्मी से मिल सकती है राहत

# पारा 43.6 डिग्री : यह घटेगा नहीं पर गर्मी से मिलेगी राहत, हो सकती है हल्की बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हरिभूमि सरोकार

ट्विनसिटी का पारा रविवार को 43.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जिसकी वजह से लू की चपेट में ट्विनसिटी रही। सुबह से ही सूर्यदेव की तपिश इतनी ज्यादा थी कि तेज गर्मी लगने लगी। दोपहर को यह चरम पर पहुंच गया। गर्म हवाएं चलने लगी। लोग अपने घरों में ही दुबके रहे। बाजार और सड़कों पर आवाजाही बेहद कम हो गई। शाम 6 बजे तक वातावरण गर्म रहा। इस दौरान हल्की बदली भी आ गई। जिसकी वजह से उमसभरा माहौल उत्पन्न हो गया। मौसम विभाग ने 21 यानी सोमवार को इस मौसम में बदलाव की संभावना जताई है। उसके बाद भी तापमान में कमी नहीं आएगी। लेकिन कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। जिससे उमसभरी गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत मिल सकती है।

**अप्रैल महीने में मई जैसी तपिश**



सुपेला सरकारी अस्पताल में इन दिनों बढ़ गई है मरीजों की संख्या।

### इन दिनों सिस्टम में है तीन द्रोणिकाएं हैं सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर दक्षिण द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश से तटीय उड़ीसा तक झारखंड होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा उत्तर दक्षिण द्रोणिका का मन्नार की खाड़ी से उत्तर अन्दरूनी कर्नाटक तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश से मणिपुर तक बिहार, गंगेटिक पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग, बांग्लादेश होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### प्रति चक्रवात का भी है असर

मौसम विभाग के मुताबिक एक प्रति चक्रवात अंदरूनी महाराष्ट्र और उससे लगे तेलंगाना तथा उत्तर अंदरुनी कर्नाटक तक 3.1 कम से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसकी वजह से 20 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। दुर्ग, बिलासपुर, और रायपुर संभाग के जिलों में ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति से थोड़ी राहत मिलने की संभावना है।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया एलर्ट

स्वास्थ्य विभाग ने भीषण गर्मी और लू जैसे हालात को देखते हुए एलर्ट जारी किया है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक लू के ये लक्षण हैं। जैसे सिर से भारीपान और दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना तथा बेहोश होना।

### 104 आरोग्य सेवा केंद्र से दे रहे परामर्श

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी से ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है। अतः इससे बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए- बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाए। धूप से निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें। पानी अधिक मात्रा में पीये और अधिक समय तक धूप में न रहें। गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। इसी प्रकार अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पीयें। चक्कर आने, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श लिया जाए और उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह लिया जाए।

### लू लगने पर प्रारंभिक उपचार

बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठण्डे पानी की पट्टी लगावें, अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलावें जैसे कच्चे आम का पना, जल जीरा आदि, पीड़ति व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटा देवें, शरीर पर ठण्डे पानी का छिड़काव करते रहें, पीड़ति व्यक्ति को यथाशीघ्र किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जाए तथा मितानिन ए.एन.एम. से ओ.आर.एस. के पैकेट हेतु संपर्क करें।

# अग्निशमन सेवा दिवस पर फायर सेफ्टी पर जांबाजों ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस और अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन जेके लक्ष्मी सीमेंट प्लांट में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल को अधिक सुरक्षित बनाना है। सप्ताह भर आयोजित गतिविधियों की समीक्षा के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों और विभागों को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम का समापन अग्निशमन सेवा के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया। समापन अवसर पर दुर्ग जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र सिंह और संयंत्र प्रमुख राजपाल सिंह शेखावत विशेष रूप से उपस्थित थे। संयंत्र प्रमुख राजपाल सिंह शेखावत ने कहा कि प्लांट में प्रत्येक कर्मचारी को नियमित रूप से फायर सेफ्टी की ट्रेनिंग दी जाती है और समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में जेके लक्ष्मी सीमेंट की फायर ब्रिगेड टीम पूरी तत्परता से घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने में सहयोग करती है, जिसके लिए कंपनी को शासन स्तर पर सम्मान भी मिल चुका है।

### लोगों को दिया गया सुरक्षा प्रशिक्षण, किया जागरूक

अग्नि सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें अग्निशमन उपकरणों का व्यावहारिक प्रशिक्षण, मॉक फायर और आपदा प्रबंधन अभ्यास, फायर ड्रिल, इमरजेंसी रिस्पॉन्स डेमो और सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम शामिल रहे। फायर ऑफिसर पंकज चौहान और उनकी टीम ने प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से कर्मचारियों और सहयोगी श्रमिकों के साथ-साथ आसपास के शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थानों में भी जागरूकता अभियान चलाया। इसमें आत्मानंद स्कूल अहिवारा, सेमरिया हाई स्कूल, नंदिनी खुदनी हाई स्कूल, गांधी मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल नंदिनी नगर, डीएवी पब्लिक स्कूल नंदिनी नगर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अहिवारा और सीएसआर सेंटर अहिवारा के छात्र, शिक्षक और स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए। इस अभियान में लगभग 1500 बच्चों, शिक्षकों, डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारियों ने भाग लिया।

# आपदा के समय ही मानवता की होती है वास्तविक परीक्षा : कुलपति डॉ. तिवारी

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. डॉ. संजय तिवारी मुख्य अतिथि मौजूद रहे।

कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना देश में युवाओं में राष्ट्रसेवा का भाव जागृत करने वाली एक सशक्त संस्था है। जब-जब देश में आपदा आई है, तब-तब एनएसएस के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया है। केरल में आई भीषण बाढ़ का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि वहां के एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्रभावित क्षेत्रों में कार्य कर लगभग 2000 से अधिक लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आपदा के समय ही मानवता की वास्तविक परीक्षा होती है और एनएसएस इस संवेदनशीलता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



कार्यक्रम में कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप ने कार्यक्रम अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी सदैव समाजहित में कार्य करते हैं तथा विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। विषय विशेषज्ञ डॉ. आरपी अग्रवाल ने कुलपति के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा को कार्यक्रम अधिकारियों के लिए गौरवपूर्ण बताया।

कार्यक्रम के संयोजक प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान ने कार्यशाला के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 50 राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों का प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास, समर्पण, सेवा भावना एवं राष्ट्रभक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है, जिससे कार्यक्रम अधिकारी अपने विद्यार्थियों को भी राष्ट्र सेवा के प्रति प्रेरित कर सकें। कार्यक्रम संयोजक प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यशाला सात दिनों तक निरंतर संचालित होगी, जिसमें विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिदिन व्याख्यान एवं मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जाएंगे।

# भू-विज्ञान के क्षेत्र में नारी सशक्तीकरण पर व्याख्यान

**दुर्ग।** भूविज्ञान के क्षेत्र में छात्राओं के लिये अनेक संभावनाएं है। यदि वे निष्ठा एवं लगन के साथ अध्ययन करें तो देश, विदेश तथा प्रदेश में उनके लिये अनेक संभावनायें है, ये उद्गार पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के भूगर्भशास्त्र विभाग के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. डीपी कुईती ने व्यक्त किये। डॉ. कुईती शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के भूगर्भशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित आमंत्रित व्याख्यान दे रहे थे। डॉ. कुईती ने अलग-अलग क्षेत्रों में सफल एवं प्रसिध्द महिलाओं के विषय में पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से भूविज्ञान के क्षेत्र में नारी सशक्तिकरण पर रोचक व्याख्यान दिया। डॉ. कुईती के व्याख्यान के दौरान भूगर्भशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी देशमुख, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. इन्द्रजीत साकेत तथा डॉ. राहुल द्विवेदी सहित समस्त स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



अपने व्याख्यान में डॉ. कुईती ने भारत में प्रथम टीशू कल्चर लैब, पैथालॉजी लैब, अंतरिक्ष अनुसंधान, परमाणु अनुसंधान तथा भूविज्ञान के क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं का उदाहरण देते हुए उनके सफल यात्रा पर विस्तार से चर्चा की। द्वितीय व्याख्यान में डॉ. कुईती ने हिमनदों के पिघले तथा ज्वालामुखी के उद्गार पर केन्द्रित जानकारी विद्यार्थियों को दी। 77 वर्षीय डॉ. डीपी कुईती ने जलवायु परिवर्तन तथा ग्लोबल वार्मिंग का उल्लेख करते हुए ग्लेशियर के पिघलने के गति तथा उसके पारस्परिक परिणाम पर भी गहराई से चर्चा की।

# पीएम आवास निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने हितग्राहियों से सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- डाटा सेंटर में आयुक्त ने ली हितग्राहियों की बैठक

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वीएलसी घटक के ऐसे हितग्राही, जिन्होंने मकान निर्माण के लिए आवेदन तो किया है लेकिन किसी कारणवश कार्य प्रारंभ नहीं कर पा रहे हैं, उनके लिए नगर निगम दुर्ग द्वारा विशेष पहल की गई। कलेक्टर के निर्देश पर आयुक्त सुमित कुमार अग्रवाल ने रविवार को डाटा सेंटर में बैठक लेकर हितग्राहियों से सीधे संवाद किया।

बैठक में उपस्थित हितग्राहियों से आयुक्त ने व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर उनकी समस्याओं को समझा। कई हितग्राहियों ने आर्थिक अभाव, तो कुछ ने ठेकेदार द्वारा समय पर कार्य नहीं करने की शिकायत रखी। वहीं कुछ ने शुभ मुहूर्त का इंतजार करने की बात कही। आयुक्त ने सभी को शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए प्रेरित करते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।



### 20 हितग्राहियों ने दी सहमति

बैठक में कुल 88 हितग्राहियों में से 36 उपस्थित हुए। विस्तृत चर्चा और समझाइश के बाद लगभग 20 हितग्राहियों ने अपने मकान निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने की सहमति व्यक्त की।

### हरसंभव सहायता देने की मंशा

नगर निगम का उद्देश्य ऐसे सभी हितग्राहियों को सहयोग प्रदान करना है, जो किसी भी कारण से अपना आवास निर्माण शुरू नहीं कर पा रहे हैं। आयुक्त ने आश्वस्त किया कि पात्र हितग्राहियों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें उनके सपनों का घर दिलाने की दिशा में निरंतर प्रयास किया जाएगा।

# केवि शिक्षक संघ ने राज्यसभा सांसद से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा से सौजन्य भेंट कर शिक्षकों की ज्वलंत और लंबे समय से लंबित समस्याओं को विस्तार से उनके समक्ष रखा। संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र गिरी ने अवगत कराया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित विभागीय पदोन्नति परीक्षा में सीटेट उत्तीर्ण न करने वाले शिक्षकों को पूर्व में वंचित किया गया था, जिसके पश्चात शिक्षकों ने पूर्ण निष्ठा एवं परिश्रम के साथ परीक्षा दी और बड़ी संख्या में सफल भी हुए। परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद भी अब तक संबंधित पोर्टल नहीं खोला गया है, जबकि 26 अप्रैल को पदोन्नति परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है। यह स्थिति प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के प्रतिकूल है तथा शिक्षकों, विशेष रूप से प्राथमिक शिक्षकों के अधिकारों का स्पष्ट हनन है, जिन्हें पर्याप्त योग्यता अर्जित करने के बावजूद उचित अवसर प्रदान नहीं किए जा रहे हैं। संघ के महासचिव डॉ. अजय आर्य ने बताया कि इस संबंध में एक समग्र एवं तथ्यों पर आधारित ज्ञापन सांसद को सौंपा गया, जिसमें शिक्षकों की व्यावहारिक समस्याओं, प्रशासनिक विसंगतियों तथा पदोन्नति प्रक्रिया में पारदर्शिता की आवश्यकता को प्रमुखता से रेखांकित किया गया है। सांसद लक्ष्मी वर्मा ने विषय की गंभीरता को समझते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे इस मुद्दे को संसद के पटल पर प्रमुखता से उठाएंगी।

# भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए बस से कोलकाता रवाना हुए स्वर्णकार कारीगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु राज्य में इस समय चुनावी सरगर्मी तेज है। यहां नई सरकार चुनने के लिए 23 और 29 अप्रैल को मतदान होना है।

- भाजपा नेता कन्हैया सोनी खुद साथ हुए रवाना

भाजपा की ताकत बढ़ाने और सरकार बनाने के लिए सभी राज्य के भाजपा नेता तेजी लगे हुए हैं। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य कन्हैया सोनी भी पीछे नहीं है।



उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य के सभी स्वर्णकार कारीगरों को इकट्ठा किया। उन्हें भाजपा पार्टी के नीति और रीति के बारे में बताया और भाजपा के पक्ष में मतदान कराने के लिए खुद उन्हें बस में लेकर कोलकाता के लिए रवाना हुए हैं। उनके मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ से बस द्वारा सैकड़ों की संख्या में स्वर्णकार कारीगर कोलकाता के लिए रवाना हुए। सोनी का कहना है कि वो सभी भाजपा के पक्ष में मतदान कर पार्टी को जीताने में अपना अमूल्य योगदान देंगे। कन्हैया सोनी ने बताया कि संगठन के प्रति अपनी अटूट निष्ठा और चुनावी सक्रियता का परिचय देते हुए उन्होंने एक अभियान चलाया है।

उन्होंने अपने भिलाई दुर्ग में कार्यरत स्वर्णकार समाज के कारीगरों और उनके परिवारों को मतदान हेतु प्रेरित किया है। इसके बाद विशेष बसों का प्रबंध कर इन मतदाताओं को उनके मूल निवास कोलकाता भेजने की व्यवस्था की है। वह स्वयं भी कोलकाता गए। रवाना होने से पूर्व सभी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक जय श्री राम और भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए। सोनी ने कहा कि, राष्ट्रहित में प्रत्येक वोट कीमती है।

# बेरोजगार युवाओं में कौशल को बढ़ावा देने इंटर्नशिप

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बेरोजगार युवाओं में कौशल को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना प्रारंभ की गई है।

पॉलीटेक्निक दुर्ग के प्राचार्य एवं प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के नोडल अधिकारी प्रकाश कुमार पाण्डेय ने बताया कि दुर्ग जिले के युवाओं के लिए योजना अंतर्गत पंजीयन आवेदन के लिए उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक में 29 अप्रैल दोपहर 12 से शाम 5 तक शिविर का आयोजन किया जा रहा। अभ्यर्थी शिविर में उपस्थित होकर आवेदन के लिए निःशुल्क पंजीयन करा सकते है। आवेदन हेतु यह अनिवार्य है कि वह किसी शासकीय सेवा, परिवार में कोई सदस्य शासकीय सेवा, परिवार के किसी सदस्य की वार्षिक आय 8 लाख से अधिक न हो एवं आवेदक की उम्र 18 से 25 वर्ष होनी चाहिए।

आवेदक इंटर्नशिप कॉर्पोरेट मंत्रालय द्वारा चयनित कंपनियों जिसकी सूची पोर्टल में दी गई है। किसी भी एक कंपनी का चयन कर सकते हैं। यह केवल 1 वर्ष की अवधि का होगा। आवेदन के उपरांत युवाओं को चयनित होने पर कार्पोरेट उपक्रम में एक साल की अपरेंटिशिप में 9,000 प्रतिमाह मानदेय व संबंधित को एक वर्ष में 6,000 रूपए एक मुश्त अन्य खर्च हेतु प्रदान किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### गांजा तस्करी में शामिल आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** गांजा तस्करी मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को कार समेत गिरफ्तार किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन विश्वास के तहत गांजा तस्करी में शामिल रहने की जानकारी मुखबिर ने पुलिस को दी। जुनवानी स्थित इमली तालाब के पास कार में गांजा रखकर अवैध बेचने वाले को दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम आर्य नगर कोहका निवासी अश्वनी कुमार प्रजापति बताया है। उसके पास से पुलिस ने 2.185 किलो ग्राम गांजा, कार सीजी 04 बी 9230 और मोबाइल जब्त किया गया। सामनों की कीमत 1.71 लाख 50 रुपए का आंका गया है। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील किया है कि किसी भी प्रकार की अवैध मादक पदार्थ गतिविधि की सूचना पुलिस को तुरंत दे। कार्रवाई में निरीक्षक राजेश साहू समेत उनकी टीम का योगदान रहा है। गौरतलब हो कि गांजा तस्करी को लेकर पुलिस कार्रवाई सिफर दिख रही है।

### महतारी वंदन में केवाईसी के नाम पर किया जा रहा परेशान : साहू

**उतई।** जिला दुर्ग कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण प्रवक्ता द्वारिका साहू ने महतारी वंदन योजना में केवाईसी के नाम पर महिलाओं के नाम काटने का बहाना बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव में सभी विवाहित महिलाओं को प्रति माह 1000 देने का वादा किया था लेकिन चुनाव के बाद से लाखों बहनों का विवाह हुए हैं वह इस महतारी वंदन योजना से वंचित रह रहे हैं जिस पर आज तक भाजपा के साय सरकार ने कोई पहल नहीं की। दुर्ग जिला प्रवक्ता ने बताया कि पहली किस्त में 75 लाख महिलाओं को राशि मिली जो जो धीरे-धीरे घटकर 69 लाख रह गई है। उन्होंने भीषण गर्मी में केवाईसी के नाम पर महिलाओं को परेशान करने और लाभ से वंचित करने का आरोप लगाया।

# भिलाई के पॉश इलाके सुंदर नगर में सरकारी नाले की जमीन पर अवैध प्लॉटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई नगर निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग का कारोबार इतनी तेजी से फैला है कि यहां भू-माफिया सरकारी जमीन को भी बेचने से पीछे नहीं हट रहे हैं।ऐसा ही एक मामला भिलाई नगर निगम के जोन 2 अंतर्ग सुंदर नगर क्षेत्र में सामने आया है। यहां केपीएस स्कूल के पीछे बाबा दीपसिंह नगर काफी बड़ी जमीन में अवैध प्लॉटिंग की जा रही है।

भिलाई नगर निगम के पार्षद और भाजपा नेता इसे लेकर बड़ा आंदोलन करने वाले हैं। वो पहले इसकी शिकायत कलेक्टर और आयुक्त से करेंगे। यदि इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो आगे आंदोलन किया जाएगा। इस लड़ाई में मोहल्ले के लोग भी उनके साथ हैं। जानकारी के मुताबिक वार्ड 20 अंतर्गत केपीएस स्कूल के पीछे एक नाला गुजर रहा है। इस नाले से लगती एक बड़ी खाली जमीन को छोटे छोटे भू-खंडों में काटकर अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। कुछ स्थानीय नेताओं का संरक्षण होने के चलते निगम के अधिकारी इस पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जोन 2 के एक पार्षद ने बताया कि अवैध प्लॉटिंग करने वाले ने नाले की जमीन को पाटकर उसमें भी प्लॉटिंग की है। यदि निगम ने समय रहते नाली का सीमांकन कर जमीन से अतिक्रमण और प्लॉटिंग को नहीं हटवाया तो कुछ दिन में यहां मकान बन जाएंगे। इसके बाद भू-माफिया नहीं आम लोग परेशान होंगे।

## निगम की लचर कार्रवाई के चलते भूमाफियाओं के हौसले बुलंद



### काटे गए 24 प्लॉट

जानकारी के मुताबिक यहां पर भू-माफिया द्वारा जो जमीन का लेआउट काटा गया है उसमें 24 प्लाट हैं, जो अलग-अलग साइज के हैं। अवैध प्लाटिंग करने वाले सोशल मीडिया में इसका प्रचार भी कर रहे हैं। उसमें जमीन का रेट 1200-2800 रुपए वर्ग फिट तक बताया जा रहा है। लोगों की प्रीमियम लोकेशन और प्रीमियम बिजली पानी की सुविधा बताकर प्लॉट बेचे जा रहे हैं।

### लोगों से सोच समझकर प्लॉट लेने की अपील

इस मामले को लेकर जब वार्ड 20 भाजपा पार्षद स्मिता दोड़के से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वो दिल्ली आई हैं। उन्हें भी अवैध प्लॉटिंग होने की शिकायत मिली है। वो दिल्ली से आकर इसकी शिकायत निगम में करकर इसे रुकवाने की कार्रवाई करेंगे। पार्षद दोड़के ने लोगों से कहा कि वो अवैध प्लॉटिंग में प्लॉट खरीदने से पहले निगम और राजस्व विभाग के अधिकारियों या स्थानीय पार्षद सही जानकारी लें। इसके बाद ही अपनी मेहनत की पूंजी इसमें लगाएं।

## सर्वर समस्या : महतारी वंदन योजना और पीडीएस राशन दुकानों में सर्वर समस्या से हितग्राहियों की दिक्कतें बढ़ी

# ई-केवाईसी के लिए 'लू' में जूझने को मजबूर हो रही हैं हजारों महिला हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

महतारी वंदन योजना का ई-केवाईसी सर्वर डाउन होने से महतारियों को भरी गर्मी में केवाईसी के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

भरी गर्मी में शासन ने हितग्राही महिलाओं को ई-केवाईसी करवाने का आदेश जारी किया है। जून महीने तक ही समय है और दुर्ग जिले की 4 लाख महिला हितग्राहियों को अपना ई केवाईसी करवाना है। अप्रैल महीने से ई-केवाईसी शुरू हुआ है। अभी मात्र 19 दिन हुए हैं। महिला बाल विकास विभाग का हाल यह है कि दुर्ग जिले में अब तक कितने हितग्राहियों का ई-केवाईसी हुआ है, इसका डाटा तक नहीं है। सूत्र बताते हैं कि अब तक केवल 25 प्रतिशत ही महिलाओं ने ई-केवाईसी करवाया है। इन दिनों दुर्ग जिला लू की चपेट में हैं और आने वाले दोनों महीने में भी भीषण गर्मी की चेतावनी मौसम विभाग की है। ऐसे में बाकी दो महीने में 75 प्रतिशत करीब 3 लाख महिलाओं का ई-केवाईसी होना है।

हरिभूमि सरोकार

### लोक सेवा केंद्रों में ई-केवाईसी के लिए महिलाओं की भीड़



### सर्वर डाउन होने की वजह से घंटों का इंतजार

हितग्राही महिलाओं ने बताया कि लोक सेवा केंद्रों में सर्वर डाउन होने की समस्या से उन्हें दो-चार होना पड़ रहा है। इसकी वजह से भरी गर्मी में लू के बीच उन्हें घंटों लाइन व भीड़ में खड़े रहना पड़ रहा है। महिलाएं अपना ई-केवाईसी कराने के लिए इसलिए परेशान हैं क्योंकि एक या दो तारीख को महतारी वंदन का पैसा उनके खाते में आता है। ई केवाईसी नहीं हुआ तो मई महीने की किश्त नहीं मिला पाएगी। इसलिए महिलाओं की भीड़ बड़ी संख्या में लोक सेवा केंद्र पहुंच रही है।

### लोक सेवा केंद्रों में न बैठने न पानी का इंतजाम

लोक सेवा केंद्रों का हाल भी बेहाल है। यहां हितग्राही महिलाओं को न बैठने और न पानी की सुविधा दी जा रही है। महिलाएं बताती हैं कि ज्यादातर लोक सेवा केंद्र छोटे से शॉप में संचालित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति दुर्ग भिलाई के ज्यादातर केंद्रों की है। वे बताती हैं कि सेवा केंद्रों के भीतर मुश्किल से तीन महिलाएं ही खड़ी हो सकती हैं। बाकी को धूप में बाहर खड़े रहना पड़ता है। भीषण गर्मी में पानी तक का इंतजाम नहीं हैं। जो महिलाएं पानी लेकर नहीं जाती उन्हें प्यासे रहकर लाइन में खड़े रहना पड़ रहा है।

### पहले आंगनबाड़ी का चक्कर उसके बाद लोक सेवा केंद्रों में ई-केवाईसी

हितग्राही महिलाएं बताती हैं कि महतारी वंदन योजना में पहले जो रजिस्ट्रेशन करवाया गया है वहीं नंबर लेकर लोक सेवा केंद्रों में जाना है। इसके लिए पहले अपने नजदीकी आंगनबाड़ी में जाना पड़ता है। वहां से एक नंबर लेना हैं। रजिस्ट्रेशन नंबर आंगनबाड़ी से लेने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को ढूढ़ना पड़ रहा है। शादी-व्याह का सीजन चल रहा है इसलिए कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मिल नहीं रही। रजिस्ट्रेशन नंबर के बिना ई केवाईसी हो नहीं सकता। रजिस्ट्रेशन नंबर लेकर और आधार कार्ड लेकर लोक सेवा केंद्रों में जाने के बाद ईकेवाईसी हो रहा है। कई आंगनबाड़ी केंद्र में हितग्राहियों की सूची चस्पा नहीं है। जिसकी वजह से वार्ड पार्षद के पास जाना पड़ रहा है।

### डाटा कलेक्ट करवाता हूं

दुर्ग जिलेभर में महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों का ईकेवाईसी चल रहा है। कितने हितग्राहियों का ई केवाईसी हुआ है इसका डाटा कलेक्ट करवाता हूं। अभी तीन महीने का समय है।

-आरके जामुलकर,
महिला एवं बाल विकास अधिकारी दुर्ग

# राशन के लिए हो रहा घंटों इंतजार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अप्रैल महीने से पीडीएस हितग्राहियों को एक साथ तीन महीने का राशन दिया जा रहा है लेकिन सर्वर डाउन होने की समस्या कम नहीं हुई है। इस भीषण गर्मी में राशन लेने के लिए हितग्राहियों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। यह स्थिति दुर्ग जिले में 656 पीडीएस राशन दुकानों की है। इन दुकानों में 4ण्90 लाख हितग्राहियों को राशन लेने के लिए भीषण गर्मी में जूझना पड़ रहा है।

### सर्वर की समस्या से ओटीपी नहीं आ रही

हितग्राही बताते हैं कि तीन महीने का एक साथ राशन लेने के लिए छह बार अंगूठा लगाना पड़ रहा है। थम्ब लगाने के बाद मोबाइल में ओटीपी आती है। सर्वर की समस्या के चलते कई बार अंगूठा लगता ही नहीं। इसलिए मोबाइल में ओटीपी भी नहीं आती। अंगूठा लगाने व ओटीपी के लिए आधे घंटे से कम नहीं लग रहे। जिसकी वजह से समय अधिक लग रहा है और भीड़ जमा हो जा रही है। काम.काज छोड़कर राशन दुकानों में अपनी बारी आने का इंतजार करना पड़ रहा है।

### पीडीएस दुकानों में राशन का टोटा

पीडीएस दुकानदार बताते हैं कि आधे से ज्यादा पीडीएस दुकानों में राशन का टोटा हो गया है। इसलिए पूरे तीन महीने का राशन बांटने में दक्कितें आ रही है। किसी हितग्राही को दो महीने का ही राशन दे रहे है तो किसी को लौटा रहे हैं कि स्टॉक आने के बाद एक साथ राशन ले जाना। राशन दुकानों में लोग कामकाज छोड़कर पहुंच रहे हैं। एक बार नहीं कई चक्कर के बाद राशन हाथ आ रहा है।

## पेज 09 के शेष...

### नगर पालिका क्षेत्र

करें। इस अवसर पर शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, रेवाराम निषाद, पार्षद पंचु साहू, लक्की साहू, महामंत्री संदीप यादव, राजू देवांगन, दोहाई वर्मा, गोलू कोशले, कमलेश वर्मा, राकेश वर्मा, ओंकार साहू, राजीव तंबोली, नरेश साहू, भानू साहू एवं लच्छन वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने जनदर्शन ...

कि जिला प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री प्रकाश कुमार भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर एवं एसएसपी ..

है। एक मोबाइल नंबर से केवल एक ही स्व-गणना फॉर्म भरा जा सकता है । यह सुविधा प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक उपलब्ध रहेगी । फॉर्म भरने के बाद एक यूनिक आईडी प्राप्त होगी, जिसे प्रगणक को दिखाना आवश्यक होगा । यदि कोई नागरिक स्व-गणना नहीं कर पाता है, तो प्रगणक 1 से 30 मई 2026 के बीच घर-घर जाकर जानकारी संकलित करेंगे। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जनगणना के दौरान दी गई सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रहेगी और इसका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। नागरिकों से अपील की गई है कि वे बिना किसी झिझक के सही एवं सटीक जानकारी प्रदान करें। जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। इस दौरान प्रगणक घर-घर जाकर डिजिटल मोबाइल एप के माध्यम से डेटा संग्रह करेंगे । स्व-गणना में भरी गई जानकारी का सत्यापन किया जाएगा । पर्यवेक्षकों एवं चार्ज अधिकारियों द्वारा बहुस्तरीय जांच एवं पुनः सत्यापन किया जाएगा । इस पूरी प्रक्रिया में डिजिटल तकनीक का उपयोग कर सटीक एवं विश्वसनीय डेटा संग्रह सुनिश्चित किया जा रहा है। मोबाइल एप आधारित एंट्री और फील्ड सत्यापन के माध्यम से त्रुटिरहित जनगणना का लक्ष्य रखा गया है।

### विधायक के गृहग्राम...

का दस्ता उपस्थित रहा। कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित थे। क्षेत्र में यह पहली बार है जब प्रशासन ने इतनी सख्ती दिखाते हुए बुलडोजर का इस्तेमाल किया है। वर्तमान में साजा अंचल में शासकीय जमीनों पर अतिक्रमण की जैसे रेस चल रही है, ऐसे में बिरनपुर में हुई इस कार्रवाई ने अवैध कब्जा करने वालों को कड़ा संदेश दिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना की है ताकि भविष्य में सार्वजनिक उपयोग की जमीनों को सुरक्षित रखा जा सके।

### महिला आरक्षण पर...

महिला आरक्षण विधेयक पारित नहीं हो सका, जबकि "नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023" संसद के दोनों सदनों से पारित होकर राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कानून बन चुका है।उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल 2026 को केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत 131वां संविधान संशोधन विधेयक महिला आरक्षण से जुड़ा नहीं था, बल्कि इसमें लोकसभा सीटों को बढ़ाकर 850 करने और 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करने का प्रस्ताव था। इस विधेयक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कानूनों में संशोधन का भी प्रावधान था। चौबे ने कहा कि देश के कई राज्यों की आपत्तियों के कारण यह विधेयक पारित नहीं हो सका। चौबे ने सवाल उठाया कि जब नई जनगणना और जाति जनगणना की प्रक्रिया प्रस्तावित है, तो फिर पुराने आंकड़ों के आधार पर परिसीमन कराने की जल्दबाजी क्यों की जा रही है। उन्होंने भाजपा पर महिला सम्मान के मुद्दे पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जिन नेताओं पर महिलाओं से जुड़े आरोप हैं, उन्हें अब तक पदों पर बनाए रखा गया है, ऐसे में भाजपा का महिला आरक्षण पर बयान देना उचित नहीं है। प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि यदि केंद्र सरकार वास्तव में महिला आरक्षण लागू करना चाहती है, तो परिसीमन का इंतजार किए बिना वर्तमान सीटों में ही 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल इसके लिए तैयार हैं, लेकिन सरकार ने अब तक ऐसा नहीं किया। छाबड़ा ने कांग्रेस सरकारों के ऐतिहासिक प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि पंचायतों और नगरीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण देने की शुरुआत कांग्रेस के समय में हुई, जिसके परिणामस्वरूप आज देशभर में लाखों महिलाएं जनप्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रही हैं। इस दौरान जिला किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष मंगत साहू, युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रांजल तिवारी, ललित विश्वकर्मा, जिला पंचायत सदस्य हरीश साहू, शशि प्रभा गायकवाड़, सुशीला जोशी, माधुरी परगनिया, रीता पांडे, रश्मि मिश्रा, शकुंतला साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शादी सीजन में...

भरा जा रहा है। कई यात्री पायदान पर लटक कर सफर करने को मजबूर हैं। ओवरलोडिंग के चलते दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है, बावजूद इसके लोग मजबूरी में जोखिम उठाकर यात्रा कर रहे हैं।

**ग्रामीण रूटों पर सबसे ज्यादा असर:** इस अव्यवस्था का असर जिले के प्रमुख रूटों पर साफ नजर आ रहा है। बेमेतरा के अलावा नवागढ़, थान खम्हरिया, बेरला, साजा, देवकर, परपोड़ी सहित देवरबीजा, कोदवा, बोरतरा, सरदा, भिम्भौरी, खण्डसरा, नांदघाट, मारो, सम्बलपुर, छिरहा, नारायणपुर, कठिया, दाढ़ी और कारेसरा जैसे ग्रामीण क्षेत्रों के बस स्टैंडों पर यात्रियों की भारी भीड़ देखी जा रही है।

**घंटों इंतजार, गर्मी ने बढ़ाई परेशानी:** सुबह से देर शाम तक बस स्टैंडों पर यात्रियों की गहमागहमी बनी रहती है। लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए घंटों वाहनों का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप ने परेशानी को और बढ़ा दिया है। प्रतीक्षालयों की स्थिति भी दयनीय है, जहां बैठने तक की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

**बुजुर्ग और बच्चों को सबसे ज्यादा दिक्कत :** ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मुसाफिरों, विशेषकर बुजुर्गों और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें लंबे समय तक खड़े रहकर बसों का इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे उनकी स्थिति और अधिक दयनीय हो जाती है। यात्रियों ने मांग की है कि शादी के सीजन को ध्यान में रखते हुए शासन-प्रशासन को अतिरिक्त बसों की व्यवस्था करनी चाहिए। साथ ही नियमित निरीक्षण कर ओवरलोडिंग पर सख्ती से रोक लगाई जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित हो सके।

### सोसायटी में अब...

लिए तहसील क्षेत्र के ठेलका व थान खम्हरिया प्राथमिक सेवा सहकारी समिति का चयन किया गथा है। खरीदी मे नियम व शर्तो के मुताबिक मिट्टी,कूडा,अन्य प्रकार की बाहरी पदार्थ दाले,क्षतिग्रस्त व खराब देले,रंगीन दाले,अपरिपक्व व अंकुरित,सिकूडी दाले,नमी आद्रता कीटो या घुन लगे उपज की प्रतिशत के अआधार पर खरीदी की जानी है।

### डिजिटल युग में ...

सलाह दी है। इनमें किसी भी अनजान व्यक्ति या वेबसाइट पर भरोसा न करना, लोन लेने से पहले संस्था की वैधता जांचना, किसी भी प्रकार की अग्रिम फीस जमा न करना और बैंक डिटेल, जैसी गोपनीय जानकारी साझा न करना शामिल है। साथ ही संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने और फर्जी एप डाउनलोड करने से बचने की भी अपील की गई है। यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाता है तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या साइबर अपराध पोर्टल्र पर शिकायत दर्ज करें। इसके अलावा नजदीकी थाना या साइबर सेल में भी संपर्क किया जा सकता है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी लालच या जल्दबाजी में निर्णय न लें, सतर्क रहें और अपने परिवार व परिचितों को भी साइबर अपराध के प्रति जागरूक करें।

### गर्मी में पानी-बिजली बचाने सांसद विजय ने की अपील

**भिलाई।** प्रदेश में बढ़ती गर्मी के बीच पानी और बिजली की समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। इसी स्थिति को देखते हुए सांसद विजय बघेल ने आमजनता से पानी और बिजली के सदुपयोग के साथ जल संरक्षण को लेकर जागरूक रहने की अपील की है। सांसद ने कहा कि लगातार बढ़ते तापमान के कारण जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। वहीं, कई जगहों पर टुल्लू पंपों के अवैध उपयोग से स्थिति और बिगड़ रही है। पाइपलाइन से पानी को जबरन खींचने के कारण फ्लैट और बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे रोजमर्रा की जरूरतें भी प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, टुल्लू पंपों के इस्तेमाल से जल वितरण असंतुलित हो रहा है। कुछ घरों में जरूरत से ज्यादा पानी पहुंच रहा है, जबकि कई परिवारों को पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। इससे मोहल्लों में असंतोष भी बढ़ने लगा है।

# महिला आरक्षण : भाजपा पर भ्रामक प्रचार का आरोप, योगिता साहू का हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

महिला आरक्षण के बहुप्रतीक्षित मुद्दे पर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। कांग्रेस नेत्री योगिता साहू ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा इस विषय पर देशभर में भ्रम और भ्रामक जानकारी फैलाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए सरकारी तंत्र और संगठनात्मक संसाधनों का दुरुपयोग कर रही है। योगिता साहू ने स्पष्ट रूप से कहा कि वर्ष 2023 में महिला आरक्षण विधेयक संसद के दोनों सदनों से पारित होकर कानून का रूप ले चुका है, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया है। यह स्थिति केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करती है। उनके अनुसार, सरकार महिलाओं को वास्तविक राजनीतिक अधिकार देने के बजाय इस मुद्दे को केवल चुनावी लाभ के लिए उपयोग कर रही है। उन्होंने भाजपा नेतृत्व पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय एवं राज्य मंत्री, सांसद, विधायक और पार्टी पदाधिकारी तक—सभी एक सुनियोजित रणनीति के तहत यह गलत प्रचार कर रहे हैं कि महिला आरक्षण विधेयक पारित नहीं हुआ या इसे कांग्रेस ने रोका था। योगिता साहू ने इसे पूरी तरह तथ्यहीन बताते हुए कहा कि यह लोकतंत्र और जनता के विश्वास के साथ सीधा छल है। कांग्रेस नेत्री ने यह भी कहा कि यह बेहद चिंताजनक है कि पढ़े-लिखे और जागरूक लोग भी इस तरह की भ्रामक सूचनाओं को बिना जांचे-परखे आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत, पूरा विपक्ष एकजुट होकर भाजपा के इस "झूठ के अभियान" का पर्दाफाश कर रहा है और सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से सही जानकारी जनता तक पहुंचा रहा है।



योगिता साहू ने महिला आरक्षण के व्यावहारिक प्रभावों का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि 543 लोकसभा सीटों पर 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाता है, तो बड़ी संख्या में वर्तमान पुरुष जनप्रतिनिधियों को अपनी सीट छोड़नी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सहित पूरा विपक्ष इस परिवर्तन के लिए पूरी तरह तैयार और प्रतिबद्ध है, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार की नीयत इस दिशा में साफ नजर नहीं आती। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि उसने महिला सशक्तिकरण के नाम पर 33 प्रतिशत आरक्षण का कानून तो पारित कर दिया, लेकिन उसे लागू करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने भाजपा की कथनी और करनी के अंतर को उजागर करते हुए कहा कि एक ओर सरकार महिला सशक्तिकरण की बात करती है, वहीं दूसरी ओर उनके अधिकारों को लागू करने में जानबूझकर देरी की जा रही है। यह महिलाओं के साथ अन्याय और उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति उदासीनता का स्पष्ट उदाहरण है।

## अंधेरे व मच्छरों के बीच हुआ रतजगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शहर में गर्मी बढ़ने के साथ ही टाउनशिप में बिजली गुल होने का सिलसिला शुरु हो गया है। बीती रात सेक्टर 7 और सेक्टर 8 में रातभर बिजली की आंखमिचौली से रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। भारी गर्मी के साथ अंधेरे और के बीच लोग रतजगा करते रहे। टाउनशिप में पारा 42 डिग्री पहुंचते ही रहवासियों की दिक्कतें बढ़ने लगी है। भीषण गर्मी में बिजली की समस्या दुबले पर दो आषाढ़ की तरह साबित हो रही है। दिन में जहां बिजली आ जा रही है वहीं रात में लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। शनिवार को सेक्टर 7 और सेक्टर 6 में शाम 8.30 बजे गई बिजली रात 12 बजे आई। इसके बाद रात भर बिजली की आंखमिचौली का सिलसिला चलता रहा। इस कारण रहवासी भारी गर्मी और उमस से पसीने से लथपथ होकर रतजगा करते रहे। कई लोग भारी बेचैनी से परिवार के आंगन में बैठकर बिजली आने का इंतजार करते रहे हैं । वहीं अनेक लोग देर रात तक सड़कों

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### तीन बंदरों की मौत करंट लगने की आशंका

**साजा।** ग्राम मोहतरा में तालाब के पास तीन चार बंदर मृत पाए गए। ग्रामीण इस घटना में पास में लगे बिजली पोल से चिपकने की आशंका जता रहे हैं। घटना की जानकारी ग्रामीणों को होते ही गांव में सनसनी फ़ैल गई। ग्रामीण दिनभर अधिकारियों का इंतजार करते रहे, कि जांच के बाद यह क्लियर हो पाए की मौत करंट से ही हुई है या नहीं, लेकिन शाम तक कोई भी अफसर नहीं पहुंचा। इस बीच मृत बंदरों को कुत्ते भी नोचते रहे। दिन भर इंतजार के बाद ग्रामीणों ने आज इन बंदरों का अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया।

### हेतुल्य सिंह बने भाजयुमो शहर अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

**बेमेतरा।** शहर में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) को नया नेतृत्व मिल गया है। युवा नेता हेतुल्य सिंह को भाजयुमो का शहर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके शहर अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बन गया। समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर नवनियुक्त शहर अध्यक्ष हेतुल्य सिंह ने पार्टी संगठन के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त



किया। उन्होंने कहा, "मैं भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं युवा मोर्चा संगठन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताते हुए इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। यह मेरे लिए गर्व के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने आगे कहा विश्वास दिलाता हूं कि संगठन की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने और युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करूंगा। शहर के विकास एवं युवाओं के हितों को प्राथमिकता देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाना मेरा लक्ष्य रहेगा। हेतुल्य सिंह ने यह भी कहा कि वे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में टीम भावना के साथ काम करेंगे और आगामी समय में युवा मोर्चा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे, जिन्होंने नए शहर अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में संगठन के सशक्त होने की उम्मीद जताई।

## निधन

### बसंता बाई बघेल

**साजा।** मोहतरा निवासी बसंता बाई बघेल का सोमवार को निधन हो



गया। वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा में पदस्थ वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी विनोद बघेल की माताजी थीं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया, जहां लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

## कार्यक्रम : बारात निकाली, कन्यादान भी किया

# अक्षय तृतीया के मौके पर जगह-जगह दिखा उत्साह

# गूंजी शहनाइयां, बच्चों ने गुड्डे-गुड्डी का ब्याह रचाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/ बेरला

अक्षय तृतीया यानी अक्ती का पर्व केवल खेती-किसानी की शुरुआत का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह हमारे नन्हे-मुन्नों के लिए परंपराओं को जीने का एक उत्सव है। इसी कड़ी में सोमवार को बारगांव सहित समीपस्थ ग्राम बलौदी, मुड़पारखुर्द, तेलगा में बच्चों ने बड़ी ही श्रद्धा और उत्साह के साथ पुतय-पुतरी (गुड्डे-गुड़ियों) का विवाह कराया।

यह आयोजन किसी वास्तविक विवाह से कम नहीं था, जहां रस्मों की पवित्रता और बच्चों का उत्साह देखते ही बना। शादी की बेला में शहनाइयों तो गूंजी ही, गुड्डे की बारात निकली और गुडिया का कन्यादान भी किया गया। इससे पहले बच्चों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ जुड़कर देवतला और तेल, हल्दी का आयोजन किया। सोमवार की सुबह होते ही फिजाओं में हल्दी की खुशबू महकने लगी। बाजे-गाजे की धुन पर नन्ही बालिकाओं ने मंडप के नीचे जमकर नृत्य किया। हल्दी की रस्म के दौरान बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल और हल्दी लगाकर खुशियां बांटी। दोपहर ठीक 3 बजे दूल्हे राजा (पुतरा) की बारात निकाली गई। गांव की गलियों में जब छोटी-छोटी टोलियां बाजे के साथ निकलीं, तो हर कोई ठिठक कर देखने लगा। बच्चों ने अपने गुड्डे-गुड़ियों को सुंदर नाम भी दिए थे, जो उनके प्रति उनके लगाव को दर्शाते हैं।



**कागज के फूलों से तैयार किया था बेहद खूबसूरत मंडप-** विवाह की मुख्य विशेषताएं रही की बच्चों ने प्राकृतिक चीजों और कागज के फूलों से बेहद खूबसूरत मंडप तैयार किया था। दोपहर 2 बजे टिकावन का कार्यक्रम रखा गया। सबसे खास बात यह रही कि बच्चों के इस खेल में उनके पालकों (माता-पिता) ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बड़ों की तरह ही टिकावन की रस्म निभाई। विवाह के इस अवसर पर अक्ती के पारंपरिक पकवानों का आनंद लिया गया।

**परंपराओं का संरक्षण:** पीढ़ी-दर-पीढ़ी-छत्तीसगढ़ में पुतरा-पुतरी की शादी केवल एक खेल नहीं है, बल्कि यह भावी पीढ़ी को हमारे संस्कारों, वैवाहिक रस्मों और सामाजिक जुड़ाव से परिचित कराने का एक सशक्त माध्यम है। बारगांव के बच्चों ने जिस तरह से मंडप सजाया, हल्दी खेली और बारात निकाली, यह कई मायने में बेहद खास रहा।

### अक्षय तृतीया पर नारायणपुर में गुड्डे-गुड़ियों का विवाह रचाकर परंपरा जीवंत की



**बेमेतरा/नारायणपुर।** ग्राम पंचायत नारायणपुर सहित क्षेत्र के अंचलों में अंकित अक्षय तृतीया का पर्व पारंपरिक उत्साह और हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया, जहां ग्रामीण तक हर गली मोहल्ले में गुड्डे - गुड़ियों की शादियां की धूम देखने को मिली, जहां बच्चे पूरे रीति-रिवाजों के साथ इन प्रतीकात्मक विवाहों का आयोजन किया, जिसमें छोटे -छोटे बच्चों सहित बड़े लोग भी बढ़-चढ़कर कर शामिल हुए, इस अवसर पर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। जहां उन्होंने गुढ़े- गुड़ियों का विवाह रचाकर पुरानी परंपराओं को जीवित किया, अकति के पर्व पर गुड्डे - गुड़ियों के विवाह की परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें बचें विवाह की सभी रस्में निभाते हुए नजर आए, इस दौरान घर के सभी बड़े लोग भी इस पर्व में शामिल होकर उत्सव वर्धन किए, संध्या समय घरों के आंगन में चौक पूरकर आम के पत्तों से सुंदर आकर्षक में मंडप को सजाया गया। जहां गुडे- गुड़ियों को पाट पर बिठाकर पुरे विधि -विधान से विवाह संपन्न कराया गया, वहीं बाजे -गाजे डीजे के साथ भव्य बारात निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में युवाओं सहित लोग शामिल हुए, वहीं जयमाला की रस्म भी निभाई गई, इस दौरान परिजनों द्वारा टिकावन के रूप में उपहार भेंट किये गये, वही पर्व के अवसर पर घरों में विशेष रूप से विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यंजन भी बनाए गए, अक्षय तृतीया को अत्यंत शुभ माना जाता है; मान्यता है कि इस दिन किए गए दान पुण्य का फल शुभ व अक्षय रहता है।

## विद्यार्थियों ने शैक्षिक और ऐतिहासिक स्थलों का किया भ्रमण, ज्ञानवर्धक रही यात्रा




हरिभूमि न्यूज ▸▸| मारो

पीएम श्री सेजेस मारो के छात्र-छात्राओं के लिए 15 अप्रैल 2026 (बुधवार) एवं 17 अप्रैल 2026 (शुक्रवार) को शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण को नई दिशा प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्लेनेटोरियम बिलासपुर, तिफरा स्थित काली मंदिर, कानन पेंडारी चिड़ियाघर एवं वन्यजीव बचाव केंद्र, रतनपुर के प्राचीन मंदिरों और ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन कराया गया। इससे छात्रों को प्राचीन और आधुनिक ज्ञान का समन्वय समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षक पालक संघ अध्यक्ष नरेंद्र साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष धनलाल देशलहरे एवं बसंत गुप्ता द्वारा श्रीफल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य सरिता गुप्ता ने विद्यार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए भ्रमण के उद्देश्य से अवगत कराया और शुभकामनाएं दीं। भ्रमण के दौरान समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। विद्यार्थियों में इस गतिविधि को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। उन्होंने विभिन्न स्थलों का रुचिपूर्वक अवलोकन कर महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। भ्रमण से लौटने पर विद्यार्थियों ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में प्राचार्य सरिता गुप्ता ने इस सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## उर्वरक व्यवस्था के लिए विकासखंड स्तरीय उड़नदस्ता दल गठित, नोडल अधिकारी बनाए गए

**बेमेतरा।** खरीफ मौसम 2026 को ध्यान में रखते हुए किसानों के हितों की सुरक्षा एवं उन्हें समय पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन बेमेतरा ने सख्त कदम उठाए हैं। मंत्रालय से जारी निर्देशों के अनुपालन में उर्वरकों की कालाबाजारी, तस्करी, डायवर्सन, जमाखोरी, अधिक कीमत पर बिक्री तथा अमानक उर्वरकों के विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने हेतु व्यापक कार्ययोजना लागू की गई है। निर्देशों के अनुसार, ऐसी अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों एवं फर्मों के विरुद्ध कड़ी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर संबंधितों के खिलाफ पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कर प्रकरण को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार की अनियमितता या शोषण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उर्वरक वितरण व्यवस्था को मजबूत एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से विकासखंड स्तर पर उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। इस दल में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को नोडल अधिकारी, तहसीलदार एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (उर्वरक शाखा) को सदस्य के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। उक्त उड़नदस्ता दल नियमित रूप से उर्वरक दुकानों, गोदामों एवं वितरण केंद्रों का निरीक्षण कर निगरानी रखेगा। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या शिकायत की जानकारी तत्काल संबंधित अधिकारियों को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई कर पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। यह पहल किसानों को सही समय पर उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## अक्षय तृतीया पर अग्रवाल महिला मण्डल ने पिलाई रहगीरों को शरबत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| थानखम्हरिया



नगर के समाजिक संस्था वात्सल्य ग्रूप तथा अग्रवाल महिला मण्डल के सदस्यों ने आज अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भारतमाता चौक पर तपती गर्मी मे राहगीरो को शरबत पिलायी। कुछ दिन पूर्व ही अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति की ओर से एक जरूरतमंद कन्या के विवाह हेतु सहयोग प्रदान किया था,वात्सल्य ग्रूप की महिलाएं सदैव ही आर्थिक रूप से असमर्थ लोगो के मदद के लिए हमेशा कदम उठाया है।इस अवसर पर आज ग्रूप के सदस्यों के अलावा भारतमाता सेवा मंच के सदस्यों ने भी इस पुनित कार्य मे अपनी योगदान दिया। मान्यताएँ है कि अक्षय तृतीया पर दान व परोपकार का फल कभी कम नही होता इसी आवधारणा को लेकर महिलाओ ने समाजिक सरोकार की परिपाटी को कायम रखते हुए आज सभी राहगीर को शरबत वितरण कर अपनी मानव सेवा की भावना को जन जन तक पहुँचाने का प्रयास किया। तहसील क्षेत्र की अकेली समाजिक संस्था है जो निर्धन छात्रो को पठन सामाग्री,गणवेश तथा मोजा जूता तक निःस्वार्थ भाव से सहायता प्रदान करती है इतना ही नही बल्कि निर्धन कन्याओं की विवाह मे साड़ी, बेडशीट, कंबल, बर्तन, बैग एवं अन्य आवश्यक सामग्री के साथ-साथ नगद राशि का भी योगदान देकर मानवता का परिचय दिया है। समिति के महिला सदस्यों का उद्देश्य केवल सहायता करना ही नहीं बल्कि समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता,जिम्मेदारी को निभाना भी है। उक्त संस्था गत एक दशक से भी अधिक समय से बेमेतरा जिले मे पिड़ीत,वंचित व शोषित वर्गो की निरंतर सेवा मे जुटे हुए है। आज अक्षय तृतीया पर अग्रवाल महिला मण्डल के सदस्यों की इस पुनित कार्य करने के लिए भारतमाता सेवा मंच के सदस्य अर्चना शर्मा, विनित शर्मा,पवन मुरारका, प्रमोद सिंघानिया, पवन बंसल तथा उज्ज्वल जैन ने संयुक्त रूप से सभी को स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मान किया।

## 1 मई से शुरू होगा सुशासन तिहार, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर रहेगा विशेष फोकस

**बेमेतरा।** राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों के समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण को प्राथमिकता देते हुए "सुशासन तिहार का आयोजन 1 मई से प्रारंभ किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएँ उपलब्ध कराना है, जिससे सुशासन की भावना को और अधिक मजबूत किया जा सके। सुशासन तिहार से पूर्व 30 अप्रैल 2026 तक विभिन्न लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए हैं। इनमें शामिल हैं भूमि संबंधी मामलों जैसे नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन, मनरेगा अंतर्गत लंबित मजदूरी भुगतान, हितग्राहीमूलक योजनाओं के लंबित भुगतान, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों के लंबित आवेदन, बिजली एवं ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याएँ, हैंडपंप सुधार कार्य, उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत, वृद्धावस्था एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को सुनिश्चित करना सुशासन तिहार 2026" के अंतर्गत जिले मे 1 मई से 10 जून तक पूरे प्रदेश में जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक 15–20 ग्राम पंचायतों के समूह पर शिविर, शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर के आधार पर शिविर । इन शिविरों में— शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं जन-जागरूकता, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का तत्काल लाभ, प्राप्त आवेदनों का अधिकतम एक माह में निराकरण, प्रत्येक आवेदक को निराकरण की सूचना अनिवार्य रूप से देना होगा। इन शिविरों में समय-समय पर माननीय मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, मुख्य सचिव एवं प्रभारी सचिवों की सहभागिता भी रहेगी, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित होगी।

## ब्लॉक साजा में मॉक टेस्ट आयोजित, 118 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



साजा ब्लॉक में कक्षा 8वीं के मेधावी विद्यार्थियों के लिए एनएमएमएसई एवं प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी को लेकर व्यापक स्तर पर मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। शिक्षकों एवं पालकों के सहयोग से आयोजित इस परीक्षा में कुल 118 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह मॉक टेस्ट तीन परीक्षा केंद्रों शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोरतरा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी-हिंदी माध्यम बालक विद्यालय साजा तथा वीरांगना रानी अवंती मेमोरियल स्कूल परपोड़ी में आयोजित किया गया। बोरतरा केंद्र में 40, साजा में 32 और परपोड़ी में 44 विद्यार्थी शामिल हुए। ज्ञात हो कि एनएमएमएसई परीक्षा 2 मई को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी-हिंदी माध्यम बालक विद्यालय साजा में आयोजित होगी। इससे पूर्व विद्यार्थियों को प्रतियोगी माहौल से परिचित कराने एवं उनकी तैयारी को मजबूत करने के उद्देश्य से यह मॉक टेस्ट आयोजित किया गया। केंद्र प्रभारी कमलेश कुमार वर्मा ने बताया कि ब्लॉक में मेधावी विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन एवं वातावरण उपलब्ध कराने के लिए यह नवाचार किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें सही दिशा देने की है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले वर्ष से शिक्षकों एवं पालकों के समन्वय से व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अध्ययन सामग्री, वीडियो एवं अभ्यास लिंक साझा किए जा रहे हैं। साथ ही ऑफलाइन मॉक टेस्ट के जरिए ओएमआर शीट पर अभ्यास कराया जा रहा है, जिससे बच्चों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति आत्मविश्वास बढ़ रहा है। इस पहल में कुम्भलाल वर्मा, नरेश कुमार बघेल एवं वीरेंद्र कुमार जंघेल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया

### भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी हुए शामिल, कहा-परशुराम जी के आदर्श आज भी प्रासंगिक

# बेरला में भगवान परशुराम की जन्मोत्सव पर महाआरती, नवीन मूर्ति का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला

नगर बेरला में ब्राह्मण समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के अवसर पर नवीन मूर्ति की स्थापना एवं भव्य महाआरती का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद नवीन मूर्ति का अनावरण किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाजजन एवं नगरवासी शामिल हुए। भजन-कीर्तन और आरती से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। योगेश तिवारी ने भी श्रद्धापूर्वक आरती में भाग लेकर भगवान परशुराम जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

अपने संबोधन में योगेश तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम जी त्याग, तपस्या, धर्म रक्षा और न्याय के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें अन्याय के खिलाफ खड़े



होने और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जी केवल एक देवता ही नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति के महान प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने आगे कहा कि भगवान परशुराम जी भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं, जिन्होंने अधर्म के खिलाफ संघर्ष कर धर्म की स्थापना की। उनका जीवन साहस, शौर्य और संकल्प का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने समाज को संदेश दिया कि शक्ति का उपयोग सदैव धर्म और न्याय की रक्षा के लिए होना चाहिए। योगेश तिवारी ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आस्था, एकता और संस्कारों को मजबूत करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति और ब्राह्मण समाज को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजेश दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने भगवान परशुराम जी के जयकारों के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### परशुराम जयंती पर ब्राह्मण समाज का हुआ आयोजन

**बेमेतरा।** वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर रविवार को बेमेतरा ब्राह्मण समाज ने अपने आराध्य भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। नगर के परशुराम चौक स्थित भगवान परशुराम परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकजुटता का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल भगवान सत्यनारायण की कथा और पूजा-अर्चना से हुई। आचार्य थानेश्वर दीवान के मार्गदर्शन में मुख्य यजमान आदर्श शर्मा एवं शिवांगी शर्मा ने विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई। इस दौरान ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजन, महिला सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। संध्या बेला में सलधा शिव गंगा आश्रम के दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानन्द



सरस्वती के सानिध्य में भगवान परशुराम जी की भव्य महाआरती की गई। इस दौरान समाज के अनेक गणमान्य नागरिक, युवा एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानन्द सरस्वती ने समाजहित में कार्य करने वाले व्यक्तियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में एकजुटता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने बुजुर्गों का सम्मान करें और समाज के संस्कारों को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया। स्वर्गीय नरेंद्र धर दीवान की स्मृति में उनके पुत्र राजेश दीवान द्वारा दंडी स्वामी के करकमलों से सम्मानित अतिथियों को जनेऊ, शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में आचार्य बलदेव प्रसाद शास्त्री, जीधन प्रसाद तिवारी, केशव प्रसाद तिवारी, कृष्ण प्रसाद तिवारी, अभय राम तिवारी, दलहरण प्रसाद तिवारी, डॉ. महेंद्र तिवारी, ईश्वरी प्रसाद तिवारी, टहल प्रसाद तिवारी एवं लाल प्रसाद तिवारी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

